हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 14 जुलाई 2025

06 पालीवाल ब्राह्मण महिला और सामुदायिक संस्था ने ...

07 बदलाव की पहल: संविधान, शिक्षा, स्वच्छता और...







## खबर संक्षेप

### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये। उपचार्यगृह तथा रजोउपचार्य संबंधी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के प्रावधान अनुसार सुनिश्चित किया जाए।

### छात्रवृत्ति योजना के लिए शुरू हुए ऑनलाइन आवेदन

**सीहोर।** खदान पर काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा में मदद करने के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल https://scholarships.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्री-मैट्रिक के विद्यार्थी 31 अगस्त एवं पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थी 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### बिजली कंपनी का उपाय एप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते हैं।

## सावन सोमवार विशेष: मन की मनोकामना सुनते हैं मनकामेश्वर भगवान


### पहले उत्तर तो अब पूर्वी दिशा से श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे हैं भगवान

**सीहोर।** पवित्र सावन मास का आज पहला सोमवार है। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखा जा रहा है। सावन सोमवार की पूर्व संख्या पर ही शहर में स्थित भगवान शिव के मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है तो प्राचीन मंदिरों पर भगवान के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। जिला मुख्यालय स्थित प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर भी अल सुबह से ओम नमः शिवाय के स्वर से गूंजेंगा।

तहसील चौराहा स्थित भगवान शिव का मनकामेश्वर मंदिर अति प्राचीन बताया जाता है। मान्यताओं के अनुसार यह मंदिर 200 से अधिक साल पुराना है। यहां भगवान शिव से श्रद्धालुओं की अनूठी आस्था है। श्रद्धालु बड़ी आस्था से यहां आत हैं कि भगवान मनकामेश्वर मन की मनोकामनाओं सुनते हैं। यही कारण है कि सावन सोमवार-शिवरात्रि के अलावा 12 महीने ही इस मंदिर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

**शहर का एकमात्र ऐसा मंदिर है :** शहर के ज्योतिषविद् पंडित गणेश शर्मा ने बताया कि मनकामेश्वर मंदिर शहर का एकमात्र ऐसा मंदिर हैं, जिसमें गर्भगृह में शिवलिंग स्थापित हैं। उन्होंने कहा कि जिस मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग स्थापित होते हैं, वह सिद्ध मंदिर होते हैं। यहां प्राचीन काल से पूजा पाठ होती आ रही है, यह अपने आप में प्रमाणिक है कि यह मंदिर में 200 साल से अधिक पुराना है। इस मंदिर की प्राचीनता इस बात से सिद्ध होती है कि इस मंदिर में एक बावड़ी है, जिसमें जल हमेशा भरा रहता है, कभी खत्म नहीं होता। ऐसे मंदिर प्राचीन काल में बनाए जाते थे। पंडित शर्मा ने बताया कि यह सावन मास अति महत्वपूर्ण हैं। इस माह में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से मन की कामना पूरी होती है।

**तत्कालीन कलेक्टर कवीन्द्र कियावत ने कराया था कायाकल्प**



#### कलेक्टर कियावत ने कराया था कायाकल्प

मनकामेश्वर मंदिर का पहले द्वार मुख्य सडक़ की और यानि उत्तर दिशा में था। तत्कालीन कलेक्टर कवीन्द्र कियावत के कार्यकाल में शहर में अतिक्रमण मुहिम चलाई गई थी। उस दौरान कलेक्टर कवीन्द्र कियावत के विशेष प्रयासों व शहर के व्यापारी और शिवभक्तों के सहयोग से मनकामेश्वर मंदिर का कायाकल्प किया गया था। मंदिर के मुख्य द्वार को उत्तर दिशा से बदलकर पूर्वी दिशा की और किया गया, अब श्रद्धालु पूर्वी दिशा में स्थित द्वार से मंदिर में जाते हैं।

**बिजली कंपनी कर रही मुनादी: स्मार्ट मीटरों के दो दिवस में बिल जमा नहीं किए तो भोपाल से ऑनलाइन कट जाएगा कनेक्शन**

## कनेक्शन कटने के बाद जोड़ा जाएगा तो लगेगा 340 रुपए सरचार्ज, चेतावनी से उपभोक्ताओं में आक्रोश

### बिजली कनेक्शन कटने पर अगले बिल में 340 रुपए आएंगे जुड़कर, बिजली कंपनी की मनमानी बढ़ा रही लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय को लेकर बिजली उपभोक्ताओं में आक्रोश कम होते नजर नहीं आ रहा है। प्रतिदिन भिन्न-भिन्न स्थानों पर उपभोक्ता इस फैसले का विरोध कर रहे हैं और ज्ञापन देकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। बिजली कंपनी ने इस बीच एक नई चेतावनी जारी की है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि यदि उपभोक्ता दो दिवस के भीतर अपना बिजली बिल जमा नहीं करते हैं, तो उनके ऑनलाइन कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इस घोषणा ने उपभोक्ताओं के बीच और भी अधिक चिंताएं और आक्रोश पैदा कर दिया है।

जिले में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर बिजली उपभोक्ताओं का आक्रोश कम होता नजर नहीं आ रहा है। स्मार्ट मीटर को लेकर जिले में लगभग प्रतिदिन विरोध और ज्ञापन देने का सिलसिला लगातार बना हुआ है। ऐसे समय में बिजली कंपनी ने बिजली बिल दो दिवस में जमा करने की सार्वजनिक रूप से चेतावनी कराई जा रही है। इसके साथ ही कहा जा रहा है कि दो दिवस में बिल जमा नहीं हुआ तो ऑनलाइन कनेक्शन



काट दिया जाएगा। बिजली कंपनी द्वारा चेतावनी देते वाहन शहर में घूम रहे हैं। इन वाहनों से बिजली उपभोक्ताओं को चेतावनी दी जा रही है कि जिनके घर या दुकान पर स्मार्ट मीटर लगे हैं। ऐसे उपभोक्ताओं की बिजली बिल जमा करने की तारीख जुलाई थी, जो कि निकल गई है। ऐसे उपभोक्ताओं को सूचना दी जाती है कि दो दिन के अंदर अपना बिल जमा करे अन्यथा आपका कनेक्शन ऑनलाइन भोपाल से काट दिया जाएगा और बिल जमा होने के उपरांत ही ऑनलाइन कनेक्शन भोपाल से जुड़ेगा। इसक साथ ही कनेक्शन काटने जोड़ने की अतिरिक्त राशि 340 रुपए अगले बिल में जुड़ कर आएगी। बिजतली उपभोक्ता असुविधा से बचने के लिए दो दिवस के अंदर अपना बिल जमा कर दें। बिजली कंपनी के इस तरह के कार्य से बिजली उपभोक्ताओं में आक्रोश और बढ़ गया है।

खबर पर नजर

**दो दिन में संभव नहीं है बिल जमा करना:** स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर की अनियोजित लागत और उसके संभावित फायदे को लेकर उन्हें सही जानकारी नहीं दी गई है। उनका मानना है कि नया मीटर लगाने की प्रक्रिया उनके लिए परेशानी का सबब बन रही है। पहले से ही स्मार्ट मीटर के बिल करंट मार रहे हैं। पहले की अपेक्षा चार-चार गुना बिल आ रहे हैं। इसके साथ ही कई उपभोक्ताओं के घर मनमानी राशि के बिल पहुंच रहे हैं, जो जमा करना संभव नहीं है। बिजली कंपनी स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं का समाधान निकाल नहीं रहा है। वहीं अब बिजली बिल वसूली के लिए इस तरह का मनमना कार्य कर रहा है। बिल की समयसीमा की चेतावनी ने उपभोक्ताओं में तनाव को और बढ़ा दिया है, क्योंकि कई उपभोक्ताओं के लिए दो दिन में बिल जमा करना संभव नहीं हो रहा है।

#### बंदूक के साए में लगाए जा रहे मीटर

बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि पिछले बुधवार को दशहरा बाग क्षेत्र में एक युवक ने कंपनी कर्मचारी से स्मार्ट मीटर छीनकर तोड़ दिया। इसके बाद कंपनी के कर्मचारियों ने सुरक्षा मांगी। अब उनके साथ बंदूकधारी सुरक्षाकर्मी भेजे गए हैं। सुरक्षाकर्मी महज सुरक्षा के लिए भेजे जा रहे हैं। ताकि स्मार्ट मीटर लगाने वालों के साथ अनहोनी घटना नहीं हो, लेकिन बंदूक के साए में बिजली मीटर लगाए जाने से लोगों में आक्रोश कम होने की जगह बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि वह उपभोक्ताओं के साथ संवाद स्थापित करें और उनकी चिंताओं को सुनें। स्थानीय प्रशासन को भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता हो सकती है, ताकि उपभोक्ताओं का आक्रोश कम हो सके और शांति व्यवस्था बनी रहे। इस स्थिति पर आगे क्या कदम उठाए जाते हैं, यह देखना महत्वपूर्ण होगा, ताकि उपभोक्ताओं और बिजली कंपनी के बीच संचार एवं सहयोग की स्थापना की जा सके।

#### 14 हजार स्मार्ट मीटर से ज्यादा लगाए चुके हैं सीहोर में

सीहोर के महाप्रबंधक सुधीर शर्मा के अनुसार आरडीएसएस योजना के तहत सीहोर संभाग में 67,051 स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है। अब तक करीब बीस प्रतिशत 13,680 मीटर लगाए जा चुके हैं। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर लगाए जाने का लगातार सिलसिला चल रहा है। ज्ञात रहे कि सीहोर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर को लेकर शहर कांग्रेस ने शुक्रवार को कोतवाली चौराहे पर धरना दिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बिजली कंपनी द्वारा जबरिया थमाये जा रहे स्मार्ट मीटर का नागरिक काफी विरोध हो रहा हैं, कहीं-कहीं तो लड़ाई-झगड़े की स्थिति बन रही है, जिससे शहर का माहौल खराब होने की पूर्ण सम्भावना है। नागरिकों का कहना है कि यह स्मार्ट मीटर खपत से अधिक रीडिंग दे रहे हैं, जब चाहे तब अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। बिजली के बिलों की राशि बढ़ाकर दी जा रही है, समय पर मीटर की रीडिंग नही ली जा रही है, जो नवीन स्मार्ट मीटर लगे हैं उनमें से कई के बिल तक समय पर नही दिये जा रहे हैं। बिजली कंपनी की इसी प्रकार की कई अनीयमितताओं और मनमानी के चलते नागरिकों में काफी आक्रोश है।

### सीहोर में 22.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड: भैरुंदा में सर्वाधिक 31 मिमी और इछावर में सबसे कम 5 मिमी दर्ज



**सीहोर।** जिले में रविवार को दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश भैरूंदा में 31 मिमी दर्ज की गई। 1 जून से अब तक जिले में कुल 391.9 मिमी बारिश हो चुकी है। जबकि पिछले साल इस समय तक सिर्फ 219.2 मिमी बारिश हुई थी।

**सबसे ज्यादा बारिश बुधनी में 587 मिमी रिकॉर्ड :** इस मौसम में अब तक सबसे ज्यादा बारिश बुधनी में 587 मिमी और रहटी में 586.8 मिमी हुई है। भेरूंदा में 415 मिमी, इछावर में 356.3 मिमी, श्यामपुर में 353.3 मिमी, आष्टा में 244 मिमी और जावर में 209 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

**पिछले 24 घंटे में अब तक कहां कितनी बारिश हुई:** बुधनी 30 मिमी, आष्टा 28 मिमी, रहटी 26.4 मिमी, जावर 24 मिमी, सीहोर- 22.2 मिमी, श्यामपुर- 21.5 मिमी बारिश हुई।

**सबसे कम 5 मिमी बारिश इछावर में दर्ज :** सबसे कम बारिश इछावर में हुई, जहां सिर्फ 5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। शासकीय कृषि कॉलेज के मौसम केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर के अनुसार, आने वाले दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

**ई-अटेंडेंस व्यवस्था के विरोध में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन**

## शिक्षक बोले दोषपूर्ण ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू न की जाए, जहां चल रही वहां समाप्त की जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवनारायण गौर ने बताया कि प्रांतीय आह्वान पर मध्य प्रदेश के समस्त जिलों के साथ-साथ रविवार को सीहोर जिले में भी आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा ई-अटेंडेंस के विरोध में रैली निकालकर धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को सम्बोधित ज्ञापन विजय सिंह एसएलआर को सौंपा गया। ज्ञापन में कहां गया है कि शिक्षकों को दोषपूर्ण ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू न की जाए। जिन जिलों में यह व्यवस्था लागू की गई है, उसे तत्काल समाप्त कर दी जाए। जो अटेंडेंस व्यवस्था मध्यप्रदेश के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों पर लागू है वही अटेंडेंस व्यवस्था शिक्षकों पर भी लागू किया रखी जाए।

अध्यापक शिक्षक संवर्ग को भी केंद्र के समान अन्य कर्मचारियों की भांति प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठ की गणना करके



पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जावे। अध्यापक शिक्षक संवर्ग के पदोन्नति और लंबित क्रमोन्ति के आदेश शीघ्र जारी किए जावे एवं एरियस की राशि का भुगतान किया जावे। जनजाति कार्य विभाग के में कार्यरत अध्यापक शिक्षक संघ और स्कूल को शिक्षा विभाग में मर्ज किया जाए।

अनुकंपा नियुक्ति के नियमों को शिथिल का शत-प्रतिशत दिवंगत अध्यापक शिक्षक संघ का सिर्फ परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जावे। अध्यापक शिक्षक संघ की रुकी हुई हड़ताल अवधि की का वेतन भुगतान शीघ्र किया जावे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से संभागीय प्रवक्ता योगिता लोधी, संभागीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष शिवनारायण गौर, संभागीय उपाध्यक्ष लखन सिंह मालवीय, ब्लॉक अध्यक्ष सीहोर राजेश राठौर, राधेश्याम जलवाया, संभागी प्रवक्ता नीलेश राव, ब्लॉक अध्यक्ष इछावर लखनलाल महेश्वरी, विजय शंकर यादव, चन्द्रशेखर राठौर, संतोष जोशी, प्रमिला ठाकुर, सुलेखा गौर, उपासना तेकाम, राकेश केलोदिया, महेश पालिवाल, रोशन सिंह, रतनसिंह ठाकुर, बृजनंदन शाक्य, धर्मेंद्र सोलंकी, भोजराज चंद्रवंशी, रमेश वर्मा, राकेश वर्मा, राजकुमार धानक, मेहरबान सिंह गोयल, विक्रम सिंह मालवीय, सूरज सिंह परमार, राधेश्याम खजूरिया, आजाद सिंह मेवाड़ा, राजेश सेन, नोमनतिक्का, राजेश राठौर पचामा, छोटेलाल तेकाम, छोटेलाल तेकाम, जहीर खान, पंकज शर्मा, राकेश वर्मा आचार्य आदि उपस्थित रहे।

## गुलखेड़ी उपसरपंच और श्यामपुर मंडल अध्यक्ष की फोन पर बहस, सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल

### सरपंच बोले, ऑडियो तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत किया गया

**सीहोर।** गुलखेड़ी सरपंच-उपसरपंच की मोबाइल फोन पर बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में जहां उप सरपंच ग्राम पंचायत में काम को लेकर शिकायत कर रहे हैं तो वहीं सरपंच द्वारा अपनी बात रखी जा रही है। इस दौरान अश्लील भाषा का भी प्रयोग किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गुलखेड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच अजय सिंह ठाकुर हैं, जो वर्तमान में बीजेपी के श्यामपुर मंडल अध्यक्ष भी हैं। जबकि ग्राम पंचायत में उपसरपंच नरेन्द्र अहिरवार हैं। दोनों की मोबाइल फोन पर बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो बीते सोमवार का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। हालांकि हरिभूमि इस वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

#### वायरल ऑडियो में बात के अंश

हलो... हां, बोल ... यार नरेन्द्र तू अभी नशा में और भोपाल में हूं, दूसरे काम में बिजी हूं, तू फोन मत लगा, मेरा दिमाग खराब हो रहा है, छोटा भाई है तो छोटा भाई बनकर रह। ... आप मुझे धमकी दे रहे इसका मतलब... मैं धमकी नहीं दे रहा हूं, प्यार से समझा रहा हूं। मुझे अजय ठाकुर कहते हैं... आप बड़े हो, तेरी लक्ष्मण ने जमीन हड़पी किसने साथ दिया, आपने भी नहीं दिया, तूझे उप सरपंच किसने बनाया, तू बन जाता.. तुम्हें सरपंच हमने बनाया। तू है कहां, तू मुझे पता बता दें, में वहीं आ जाता हूं। भाई साहब मैंने दारू नहीं पी। अब फोन मत लगा देना। हां मैं भाजपा मंडल अध्यक्ष हूं। सुन ले... दो तरह की बात मत करें। आपने कहा था कि अपन पंचायत में काम करेंगे, फिर वायरल ऑडियो में अश्लील शब्दों का उपयोग किया गया।

#### उपसरपंच बोले, बहुत परेशानी है

उपसरपंच नरेन्द्र अहिरवार ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में बहुत परेशानी है। राम मंदिर का रास्ता कीचड़ से सना है। श्रद्धालुओं को आने जाने में परेशानी आती है, एक साल पहले नाली खुदी, नाली के पैसे भी निकले, लेकिन नाली बनी नहीं। जब हम इनसे (सरपंच) से बोलते हैं तो गाली गलौज करते हैं। ग्राम सभा की बैठक नहीं रखी जाती। रोजगार सहायक इनका भाई, सचिव सीताराम चंद्रवंशी भी इन्हीं के आदमी हैं। ये चार-पांच लोग आपस में मीटिंग कर प्रस्ताव ऊपर भेज देते हैं और राशि निकाल लेते हैं। विधायक निधि से भी अभी करंट में एक लाख रुपए निकला है, 50-60 ट्राली मुरम में ही एक लाख रुपए ठिकाने लगा दिए। जानकारी भी नहीं दी जाती।

#### ऑडियो तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत किया

सरपंच अजय ठाकुर ने बताया कि मेरी राजनीतिक छवि खराब करने के उद्देश्य से ऑडियो को तोड़ मरोडक़र वायरल किया गया है। हमारी ग्राम पंचायत में मन मुटाव जैसी कोई बात नहीं है। ग्राम पंचायत में विकास को लेकर हम सभी एक हैं।

### आर्य समाज और आर्य वीरदल द्वारा श्रावणी पर्व पर आयोजन 15 से प्रारंभ

**सीहोर।** आचार्य विजय राठौर ने बताया कि आर्य समाज एवं आर्य वीरदल द्वारा स्थानीय महाराणा प्रताप कालोनी फारेस्ट आफिस के पास गंज सीहोर में सर्व आर्य वीर दल जिला सीहोर में दिनांक 15 जुलाई से 25 जुलाई तक श्रावणी पर्व (रक्षाबंधन) के पावन अवसर पर वेद प्रवचन, वैदिक यज्ञो का आयोजन, बालक-बालिकाओं का यज्ञोपवित संस्कार, सुमधुर भजनों की प्रस्तुति, हर घर यज्ञ- घर-घर यज्ञों का आयोजन वैदिक धर्म एवं आर्य संस्कृति की रक्षा हेतु वैदिक प्रवचन विद्यालय एवं भवनों पर ध्वजारोहण पर्यावरण की शुद्धि हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम आर्य समाज महाराणा प्रताप कालोनी गंज सीहोर एवं आर्य वीर दल जिला सीहोर द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के सुमधुर -भजनोपदेशक हरिओ3म जी सरल देवास एवं पण्डित दिलीप आर्य महु से पधार रहे है। यह कार्यक्रम आर्य समाज महाराणा प्रताप कालोनी गंज सीहोर आर्य वीर दल जिला सीहोर एवं मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जिसका समापन दिनांक 25 जुलाई को किया जावेगा। उक्त आयोजन में आर्य समाज एवं आर्य वीरदल द्वारा सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में ढाई माह तक चलेंगी खेल स्पर्धाएं

**सीहोर।** जिले में अगले ढाई महीने तक स्कूलों में खेलों की धूम रहेगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए अंतरविद्यालयीन खेल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके तहत 15 जुलाई से 21 सितंबर तक कुल 54 खेल प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। आयोजन जिले के अलग-अलग स्कूल परिसरों में होंगे। इनमें सरकारी और निजी दोनों तरह के स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रतियोगिताएं तीन आयु वर्गों में होंगी। इसमें 14, 17 और 19 वर्ष तक के छात्र-छात्राएं शामिल रहेंगे। विभाग ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों का पंजीयन डीपीआई स्पोर्ट्स पोर्टल पर अनिवार्य रूप से करवाया जाए।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं।

### किसानों से व्यापारियों के द्वारा खरीदे गए औने-पौने दाम के मूंग को अब समर्थन मूल्य पर बेचने की कवायद

# मूंग खरीदी के साथ 'धांधली' का भी श्रीगणेश राजस्व अमले की सक्रियता से पकड़ाया ट्रक

मंडियों में किसानों से व्यापारियों द्वारा औने-पौने दामों पर मूंग की खरीदी कर ली जाती है और फिर इस मूंग को मिलावट करके इसे समर्थन मूल्य पर बेच दिया जाता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के साथ इसमें होने वाली बड़े पैमाने की धांधली का भी श्रीगणेश हो गया है। हालांकि इस बार गड़बड़ी होने से पहले ही राजस्व विभाग की टीम ने उसे उजागर कर दिया। यदि समय रहते राजस्व विभाग का अमला यह कार्रवाई नहीं करता तो मूंग से भरा ट्रक गोदाम में खाली हो जाता है फिर इस मूंग को समर्थन मूल्य पर बेचकर मोटा लाभ कमाया जाता। यह धांधली मूंग खरीदी में हर वर्ष होती है। दरअसल मंडियों में किसानों से व्यापारियों द्वारा औने-पौने दामों पर मूंग की खरीदी कर ली जाती है और फिर इस मूंग को मिलावट करके इसे समर्थन मूल्य पर बेच दिया जाता है। इससे व्यापारियों को भी भारी लाभ होता है तो वहीं समिति एवं वेयर हाउस के संचालक, प्रबंधक भी इससे लाभ कमाते हैं। हालांकि इस बार यह मूंग ठिकाने लगने से पहले ही पकड़ा गया। मामला सीहोर जिले की भैरूंदा तहसील का है, जहां पर राजस्व विभाग की टीम ने हरदा के व्यापारी का 900 कट्टी मूंग से भरा ट्रक भैरूंदा तहसील के वासुदेव, श्यामपुर में किसान कपिल जाट पिता जगदीश जाट के बने टीन शेड से बरामद किया है।

**समर्थन मूल्य पर बेचने की फिराक में था व्यापारी:** हरदा जिले के व्यापारी ने ट्रक से मूंग की 900 कट्टियां करीब 450 क्विंटल मूंग ट्रक में भरकर भैरूंदा तहसील के श्यामपुर निवासी कपिल जाट के बने टीन शेड के गोदाम में भेजा। किसान इस मूंग को समर्थन मूल्य पर बेचने की जुगाड़ में था और इससे मोटी कमाई भी करता, लेकिन इससे पहले ही राजस्व अमले ने कार्रवाई करते हुए ट्रक सहित मूंग को जप्त कर लिया।

बताया जा रहा है कि भैरूंदा तहसील की ग्राम पंचायत श्यामपुर के किसान कपिल जाट पिता जगदीश जाट के टीनशेड के गोदाम से राजस्व अमले ने ट्रक सहित मूंग से भरी करीब 900 कट्टों को जप्त कर कार्रवाई की है। भैरूंदा एसडीएम मदनसिंह रघुवंशी ने बताया कि हरदा जिले से अवैध रूप से समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए ट्रक में भरकर व्यापारी का यह मूंग सीहोर जिले में लाया जा रहा था, जिसे जब्त कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी अधिकारियों को जिले में समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए अवैध रूप से अन्य जिलों तथा जिले के व्यापारियों से लाए जाने वाले मूंग को जब्त करने और संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इसकी रोकथाम के लिए चैकिंग की कार्यवाही की जाए, ताकि अन्य जिलों तथा जिले के व्यापारियों का मूंग समर्थन मूल्य पर विक्रय न हो सके।





### वेयर हाउसों की हो रही जांच, लेकिन सिर्फ खानापूर्ति

सीहोर जिले की भैरूंदा, रेहटी एवं बुधनी तहसील में मूंग की पैदावार ज्यादा होती है। इन तहसीलों में ही सबसे ज्यादा मूंग की खरीदी भी की जाती है। इसके लिए कई वेयर हाउसों में मूंग खरीदी सेंटर बनाए गए हैं। इन सेंटरों की जांच के निर्देश भी कलेक्टर बालागुरू के द्वारा दिए गए हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा सिर्फ खानापूर्ति करने के लिए जांच की जा रही है। दरअसल मूंग खरीदी में हर वर्ष बड़े पैमाने पर व्यापारियों एवं दलालों द्वारा खरीदे गए मूंग को पहले ही वेयर हाउसों में रखवा दिया जाता है और फिर इस मूंग को किसानों के खातों पर समर्थन मूल्य पर बेच दिया जाता है। इसके बाद किसानों को कुछ कमीशन देकर उनसे पैसा निकलवा लिया जाता है। हर साल इस तरह की धांधली सामने आती है। अब इस बार देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन इस धांधली पर कैसे रोक लगा पाता है।

## कूटरचित फर्जी अनुभव प्रमाण-पत्र की विभागीय जांच करने की मांग

**सीहोर।** सीहोर महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में अतिथि व्याख्याता द्वारा फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बनवाकर नौकरी करने का मामला सामने आया है। इस मामले की पीयूष जैन देवास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल मंगूभाई पटेल, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा मप्र, आयुक त तकनीकी शिक्षा संचालनालय, सीहोर विधायक को पत्र लिखकर फर्जी तरीके से नौकरी करने वाली स्मिता शर्मा पर कार्रवाई की मांग की है।

**क्या है मामला :** शिकायतकर्ता का आरोप है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं के लिए आरक्षित शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में विगत 1 से कार्यरत स्मिता शर्मा अतिथि व्याख्याता द्वारा दो वर्ष का कूटरचित (फर्जी) अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करके महाविद्यालय में अतिथि व्याख्याता के पद को प्राप्त किया है। वास्तव में उनके पास एक वर्ष का कार्यानुभव है। उनका आरोप है कि डीआर वर्मा तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य द्वारा संस्था में कार्यरत प्रमोद शर्मा व्याख्याता की पत्नी स्मिता शर्मा के एक वर्ष के अनुभव प्रमाण पत्र को कूटरचित (फर्जी) कर दो वर्ष के अनुभव में परिवर्तित किया गया है। जिसका प्रमाणीकरण उनके ही पति प्रमोद शर्मा द्वारा एक वर्ष को दो वर्ष में परिवर्तित किया गया। इस कार्य के लिए उन्होंने प्रभारी प्राचार्य डीआर वर्मा को मोटी धनराशि दी गई है।

इस कूटरचित (फर्जी) अनुभव प्रमाण पत्र का प्रयोग कर स्मिता शर्मा ने पोर्टल के माध्यम से गलत जानकारी प्रस्तुतु कर शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में अतिथि व्याख्याता के पद पर नियुक्ति भी प्राप्त कर ली है। यह पूरा कार्य योजना बद तरीके से षडयत्र बना कर किया गया है। शिकायतकर्ता ने इस की उच्च स्तरीय कमिटी बनाकर विभागीय जाँच की आये।

**कैसे की गड़बड़ी :** सूत्रों ने बताया कि जुलाई 2016 से जून 2017 तक एक वर्ष का सत्र होता है, जिसमें अतिथियों को अनुभव के लिए 4 नंबर मिलते है, लेकिन गलत तरीके से अगस्त 2016 से नवंबर 2016 तक और फरवरी 2017 से मई 2017 तक 8 नंबर का फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बना दिया और इस फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी हासिल कर ली।

## इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग पर नहर चौराहे के बीचों-बीच बारिश से बना गहरा गड्ढा

### सड़क के बीच बना गड्ढा दे रहा हादसे को निमंत्रण, जिम्मेदार बेसुध बने





**भैरूंदा।** नगर के इन्दौर-भोपाल मार्ग,अंतरालिया ,मण्डी चौराहे की सड़क के बीचोबीच बना गड्ढा हादसों का कारण बन रहा है। बारिश से जहां पानी जमा होने और रात में सड़क पर अंधेरा होने के कारण दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है। कई लोगों ने मौखिक रूप से प्रशासन को इसकी जानकारी दी गई। बावजूद अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसके चलते यहां से आने-जाने वाली जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गड्ढे को बंद करने को लेकर संबंधित अधिकारी भी लापरवाह बने हुए हैं। लंबे समय से बने गड्ढे के कारण सड़क पर जाम की समस्या भी बन जाती है। इस कारण वाहन चालकों को परेशान होना पड़ता है।

रात में यहां पर कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। हालांकि गंभीर चोट नहीं होने से बढ़े हादसे टल गए। इस कारण यहां से निकलने वाली जनता को गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसकी जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी है। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### सड़क के बीचों बीच बना बड़ा गड्ढा

इन्दौर,भोपाल मुख्य सड़क के बीचों बीच बना गड्ढा बड़ी घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है। सड़क पर बने गड्ढे से राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड रही हैं, परंतु इसे देखने वाला कोई नहीं है। इन्दौर,भोपाल मुख्य मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो वाहनों का आवागवन होता है। चार पहिया दो पहिया वाहन चालकों को तो संभल कर चलना पड़ता है। सावधानी नहीं बरती जाए तो बड़ी दुर्घटना हो सकती हैं। स्कूली गाड़ी रोजाना जाती आती हैं।स्कूली की गाड़ी गड्ढे में पार करने समय सोचना पड़ता हैं। सावधानी के साथ गड्ढे को पार कर पाते हैं। जिससे सड़क पर गड्ढा के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## दादाजी बेयर हाऊस में तौल कांटे की पूजा आज शुरू होगी समर्थन मूंग पर खरीदी



**भैरूंदा।** बड़नगर दादाजी बेयर हाऊस में रविवार को तौल कांटे की विधिवत पूजा अर्चना की। तो वहीं किसानों की मूंग उपज की तुलाई समर्थन मूल्य पर आज शुरू की जाएगी। भैरूंदा तहसील की ग्राम पंचायत बड़नगर के दादाजी वेयर हाउस में रविवार को तौल कांटे का पूजन कर शुभारंभ किया। वहीं आज से मूंग खरीदी की जाएंगी। तौल कांटे की पूजा अर्चना छीपानेर समिति प्रबंधन पुष्पेंद्र सैनी ,बेयर हाऊस संचालन सहित, वरिष्ठ नागरिकों और किसानो उपस्थित में की सोमवार से तौल कार्य प्रारंभ होंगा। इस मौके पर उन्होंने सभी किसानों से अपील की कि वे तय दिन और तारीख पर मूंग उपज केंद्र पर लाएं।

### हादसों से सबक नहीं ले रहे पर्यटक, पुलिस प्रशासन ने दिखाई सख्ती



**बुधनी।** बारिश का मौसम, हर तरफ हरियाली और कल कल बहते झरने पर्यटकों को अपनी और खींच रहे हैं वहीं दूसरी और वन क्षेत्र होने के चलते जहां बिना बारिश के भी पहाड़ी नालों में अचानक बाढ़ आ जाती है जिससे कई बार हादसे हो चुके हैं इन्हें रोकने के लिए वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने चेतावनी के संकेत भी लगाए हैं और तार फेंसिंग भी की है लेकिन पर्यटक हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं लेकिन अब प्रशासन ने ऐसे स्थानो पर जाना पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया है और सख्ती भी दिखाई है।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के पास स्थित सतकुंडा और शाहगंज के आसपास दिगंबर वॉटरफॉल सहित अन्य ऐसे स्थानो पर जहां बारिश के मौसम में पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं उन स्थलों पर आवाजाही पूर्णतया प्रतिबंध की गई है गडरिया नाला से मिडघाट तक राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास हाल ही में वन विभाग द्वारा तार फेंसिंग करवाई गई है लेकिन इसके बाद भी प्रतिबंधित क्षेत्र में लोग आवाजाही कर रहे हैं रविवार को राजधानी भोपाल से बड़ी संख्या में पर्यटक परिवार सहित सतकुंडा के आसपास मौसम का लुत्फ उठाने पहुंचते हैं इसे लेकर रविवार को एसडीएम दिनेश सिंह तोमर और एसडीओपी रवि शर्मा वन विभाग की टीम के साथ मिड घाट क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले स्थानो पर पहुंचे और कड़ाई से यहां आने वाले लोगों को हिदायत दी ताकि भविष्य में होने वाले हादसों से बचा जा सके।

## वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौर की 387वीं जयंती उत्साह पूर्वक मनाने बैठक संपन्न



**सीहोर।** वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौर की जयंती को लेकर राठौर क्षत्रिय समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राहुल राठौर को जयंती समारोह का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर प्रतिभाओं के सम्मान के साथ-साथ दंगल व क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। जयंती समारोह का अध्यक्ष चुने जाने पर श्री राठौर को समाज के अध्यक्ष श्री रामचंद्र राठौर, महिला मंडल अध्यक्ष सविता राठौर एवं युवा अध्यक्ष भानु राठौर आदि ने बधाई दी है।

### पालीवाल ब्राह्मण महिला और सामुदायिक संस्था ने सुभाष स्कूल में किया पुस्तकों का वितरण




**सीहोर ।** पालीवाल ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी समाज सेवा के रूप में अपना कदम बड़ाते हुए स्थानीय सुभाष हायर सेकेंडरी स्कूल में निर्धन छात्रा छात्राओं को पुस्तके एवं स्टेशनरी का वितरण कर छात्रा छात्राओं को प्रोत्साहित किया बच्चो को पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें देश का उज्जवल भविष्य बताया समाज द्वारा निरंतर अनेक कार्य किए जाते है इसमें उन्होंने जल संवर्धन, पोधारोपण एवं वस्त्र वितरण के पुनीत कार्य भी पूर्व में किए जा चुके है महिला मंडल प्रतिवर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर एकता दिवस के रूप में रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान किया जाता है । संस्थान ने निर्णय लिया है कि आगे भी समाजसेवा के क्षेत्र में अनेक कार्य किए जाएँगे ताकि समाज में व्याप्त कुरीतियों समाप्त हो और हमारी नई पीढ़ी संस्कारवान बनकर वह भी कार्य करें ऐसी प्रेरणा समाज के बच्चो को दी जाएगी ।

### क्षेत्रवासियों को दी नपाध्यक्ष ने 30 लाख रुपए की सड़क की सौगात

# निर्माण कार्य की हो रही मॉनिटरिंग, समय सीमा और गुणवत्ता से करें निर्माण कार्य : प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर को महानगर की तरह विकसित करने के साथ वार्डों में नालियों और सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग के अलावा निर्माण कार्य को समय सीमा और गुणवत्ता से कराए जाए। इसके लिए नगर पालिका का अमला सक्रिय है। वहीं भूमि पूजन कार्य भी शहर में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा कराया जा रहा है। नगर पालिका के द्वारा रविवार को वार्ड क्रमांक 7 के अंतर्गत तीन सड़कों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि विजेन्द्र परमार सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने क्षेत्रवासियों को तीस लाख की सौगात दी।



नपा द्वारा यहां सीसी रोड के निर्माण करने का कार्य शुरू कराया गया। यहां सीसी निर्माण होने के बाद एक व्यवस्थित सड़क दिखाई देगी और आने जाने वाले लोगों की सुविधाओं में इजाफा होगा। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि श्री परमार ने बताया कि उनके क्षेत्र में लाखों के कार्य कराए गए है, निर्माण का कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाएगा और तय समय में पूरा कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कार्य को गुणवत्तापर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए नगर पालिका की पूरी टीम मॉनिटरिंग कर रही है और समय-समय पर ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जा रहे हैं। भूमि पूजन के दौरान मुख्य रूप से नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, कमलेश कुशवाहा, राहुल राय, लोकेन्द्र वर्मा, आजम नेता के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे। पार्षद प्रतिनिधि श्री परमार ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर की उपस्थिति में हुए भूमि पूजन में तीन सड़कों का निर्माण शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा, इसमें 12 लाख की लागत से पंचायत कालोनी में बोरा के घर से लेकर गुप्ता के घर तक, ब्लू स्टार होटल के पास रमेश कुशवाहा के घर से लेकर दीलिप कुशवाहा के घर तक करीब आठ लाख की सड़क के अलावा एलआईसी रोड का निर्माण 10 लाख की लागत से किया जाएगा। कुल 30 लाख के सड़कों के निर्माण कार्य शीघ्र पूरा होने से वार्ड की समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

## आज कुबेरेश्वरधाम पर सजाया जाएगा भव्य फूल बंगला, महाकाल की तर्ज पर होगा श्रृंगार

### डीजे, ढोल-ताशे और भोलेनाथ की झाकियों के साथ झूमते निकले कांवड़िए

**सीहोर।** सावन माह शुरू हो चुका है। वहीं शिव भक्तों की और से शहर से कुबेरेश्वरधाम तक कांवड़ यात्रा का दौर भी शुरू हो चुका है। इसी सिलसिले में रविवार का जलाभिषेक किया जाएगा। कांवड़ यात्रा में डीजे के साथ भोले बाबा, नंदी और भूतों की टोली के पहनावे के साथ महिला और पुरुष शामिल हुए। कांवड़ यात्रा मार्ग पर जगह-जगह लोगों ने स्वागत पंडाल लगाए। जहां कांवड़ यात्रियों के स्वागत के साथ ही जलपान की व्यवस्था भी की गई।

वहीं भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक किया। यहां पर आने वाले कावडियों का शहर के सीवन नदी तट से आरंभ होने वाली कांवड यात्रा का अनेक स्थानों पर चाय-नश्ते और पेयजल के साथ स्वागत-सम्मान क्षेत्रवासियों के द्वारा किया जा रहा है। वहीं सावन सोमवार के पहले दिन सुबह पांच बजे से भगवान का विशेष अभिषेक का क्रम आरंभ हो जाएगा और परिसर में भव्य फूल बंगला सजाया जाएगा। रविवार को सोया



चौपाल के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में कांवड यात्रियों को निशुल्क पेयजल, चाय-नश्ते के अलावा कांवड लेकर आने वालों के लिए भव्य पंडाल बनाया गया है। जिसका विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला और पंडित संतोष भारद्वाज ने दोपहर में पहुंचकर विधि-विधान से एक माह तक चलने वाले सेवा शिविर का शुभारंभ किया। इसमें कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी सहित मित्र मंडली ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत सम्मान किया।

## 4 गौवंश को छुड़ाया, सारंगपुर के बाद तलेन रास्ते से बढ़ रही तस्करी

# क्रूरता पूर्वक गौवंश का परिवहन करते हुए आयशर गाड़ी जब्त, 4 गिरफ्तार






हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/तलेन

जिले में गौवंश तस्करों पर लगाम लगाने की दिशा में पुलिस की कार्रवाई भी नाकाफी नजर आ रही है। सारंगपुर में गौवंश तस्करी में मौत की बात हो या फिर पचोर-सारंगपुर में मेवात ढाबे पर वीफ मिलने की। इन घटनाओं के बाद भी तस्करों को पुलिस का भय दिखाई नहीं दे रहा, बल्कि उनका काम बदस्तूर जारी है। तलेन में भी शुक्रवार को अवैध रूप से क्रूरता पूर्वक गोवंश का परिवहन करते हैं एक आयशर ट्रक को जप्त किया है। जिले में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। वहीं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सारंगपुर अरविंद सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तलेन निरीक्षक मेहताब सिंह ठाकुर पपपप एवं उनकी टीम ने 4 गोवंश को क्रूरता पूर्वक वध करने के उद्देश्य से ले जाते हुए एक आयशर गाड़ी को रात्रि गस्त के दौरान जप्त किया गया है।

### उगल नदी से पकड़े गए गौवंश तस्कर

11 जुलाई को दौराने रात्रि में फरियादी कि सूचना प्राप्त हुई कि उगल नदी के पुल पर एक आयशर गाड़ी संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। उगल नदी पर थाना तलेन पुलिस ने देखा एक आयशर ट्रक खड़ा दिखा। तलाश किया तो चार व्यक्ति आयशर गाड़ी में बैठे हुए थे तदोपरांत आयशर गाड़ी का पीछे का गेट खोलकर चौक किया तो आयशर गाड़ी नीले रंग की में ठूंस ठूंस कर कूरता पूर्वक गौ-वंश भरे हुए थे जिनको रस्सी से बंधे हुए थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि, गौ-वंश को वध करने हेतु परिवहन किया जा रहा था।

पुलिस टीम द्वारा पंचान की मदद से गोवंश को रस्सी काटकर बाहर निकालकर गिनती की तो आयशर ट्रक मे 04 गौ-वंश (केडे)भरे हुये थे आयशर ट्रक क्र. डच 13 रफठ 2726 के चालक का कृत्य धारा 4,6,9,4,6/10गौ-वंश प्रतिषेध अधिनियम, 11(1)(घ) पशु क्रूरता अधिनियम, व 66/192,130 (3),177,3,181 मो. व्ही एक्ट के अंतर्गत दण्डनीय पाये जाने से पंचानों के समक्ष आयशर एमपी 13 जेडओ‸रु2726 व 04 नग गौ-वंश को विधिवत में जप्त किया गया। जप्त शुदा गोवंश को गौशाला भिजवाया गया। मामले में आरोपियों के विरुद्ध अप.क्रमांक 130/25 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उपरोक्त कार्य में थाना प्रभारी तलेन निरीक्षक मेहताब सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक जितेंद्र चैहान सउनि सुनील मालवीय सउनि प्रदीप शर्मा आर खेमसिंह जाट आर. श्यामलाल चालक गोपाल परमार का योगदान रहा।

# ट्रेजरी से बिलों के भुगतान में भोपाल का बिचौलिया भी था संलिप्त

## गिरफ्तार पार्षद राजेश खरे ने पुलिस को दिए बयान में कबूला



जिला अस्पताल में पौने 2 करोड़ के गबन मामले में लिपिक सहित 5 पर हुई है एफआईआर

लिपिक पर एफआईआर के बाद भी नजर नहीं आई विभागीय कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिला अस्पताल में बेरोजगार युवकों को आउटसोर्स से नौकरी का झांसा देने एवं सफाईकर्मियों के वेतन में करीब 1 करोड़ 58 लाख के गबन के खुलासे में आरएमओ ऑफिस के एक लिपिक सहित पांच व्यक्तियों पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की है। कई सालों से चले आ रहे इस गड़बड़झाले के मामले में आरएमओ ऑफिस के लिपिक संजीव शर्मा पर दो एफआईआर हो चुकी है लेकिन मामले में विभागीय रूप से किसी तरह की कोई कार्यवाही अभी तक देखने नहीं मिली है। जबकि, अन्य विभागों में किसी कर्मचारी पर एफआईआर पंजीबद्ध होने के तुरंत बाद ही उसे सस्पेंड कर दिया जाता है। ऐसे में अपने विभाग के कर्मचारी के बचाव में लगे अधिकारियों की भूमिका भी इस मामले में संदिग्ध नजर आ रही है।

लिपिक सहित पांच आरोपी हैं रिमांड पर

जिला चिकित्सालय राजगढ़ (म.प्र.)

जिला अस्पताल में हुए इस बड़े गड़बड़झाले में कोतवाली पुलिस ने आरएमओ कार्यालय के कर्मचारी संजीव शर्मा, प्रथम नेशनल सिक्योरिटी कंपनी के प्रोपराइटर कुलदीप मिश्रा, भाजपा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खरे, मेनेजर कृष्ण कुमार सहित बायोमेट्रिक अटेंडेंस में कूटरचना करने वाले रामदयाल गुर्जर पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(3), 318(4), 339, 338, 336(3), 340(2), 316(5), 314 अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए कोर्ट से पीआर(पुलिस रिमांड) ली है। इस पीआर अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ में और भी खुलासे होने सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों की संलिप्तता की संभावनाएं भी नजर आ रही हैं।

प्रारंभिक जांच में यह तथ्य आए हैं सामने

पुलिस से प्राप्त जानकारी के जिला अस्पताल में सफाईकर्मियों के वेतन भुगतान में अनियमितताओं और फर्जी भर्ती करने वाली प्रथम नेशनल सिक्योरिटी कंपनी द्वारा टेंडर की शर्तों का उल्लंघन करते हुए बायोमैट्रिक अटेंडेंस में कूटरचना कर फर्जी खातों में भुगतान दिखाकर शासन से धन प्राप्त कर गबन किया। प्रारंभिक जांच में वर्ष 2016 से चल रहे संगठित षड्यंत्र की पुष्टि हुई है।

वित्तीय वर्ष 2022 से 2024 के बीच प्रथम नेशनल कंपनी हाउसकीपिंग व सामानों के क्रय पर 1 करोड़ 26 लाख 41 हजार का भुगतान दर्शाया है। इस राशि में से सिर्फ 22 लाख के करीब ही वास्तविक भुगतान किया गया है। इस तरह करीब 1 करोड़ 4 लाख की राशि का गबन कर लिया गया। इसी तरह साल 2024-25 में 61 लाख 64 हजार के लगभग का भुगतान दर्शित किया गया जिसमें से महज 7 लाख 73 हजार ही सही भुगतान किया गया एवं 53 लाख 91 हजार रुपए का गबन कर लिया गया। अभी तक की जांच में करीब 1 करोड़ 58 लाख का गबन पकड़ में आय है।

सिविल सर्जन से चर्चा करेंगे

मैने अभी सिविल सर्जन से इस बारे में चर्चा की है। लिपिक की गिरफ्तारी के 48 घंटे बाद ही हम उन पर कोई कार्यवाही कर सकेंगे। मै प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर साहब के सम्मुख प्रस्तुत करुंगी।

डॉ. किरण वाडीवा,
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राजगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

करीब एक माह पूर्व जिला अस्पताल में बेरोजगार युवाओं को आउटसोर्स से नौकरी का झांसा देने एवं सफाईकर्मियों के वेतन सहित अन्य खरीदी में करीब पौने 2 करोड़ के गबन का मामला सामने आया था। मामले में पुलिस ने आरएमओ ऑफिस के लिपिक संजीव शर्मा, पार्षद राजेश खरे, प्रथम नेशनल कंपनी के संचालक कुलदीप मिश्रा, मेनेजर कृष्ण तिवारी, रामदयाल गुर्जर सहित गबन में संलिप्त अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज करते हुए जेल भेज दिया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा ली गई पीआर (पुलिस रिमांड) में पार्षद राजेश खरे ने बताया है कि वो ट्रेजरी से अपने बिलों के भुगतान हेतु कुछ अधिकारियों के बिचौलिए के रूप में काम करने वाले मूलतः भिंड जिला निवासी नीरज गुप्ता नाम के दलाल को भी रिश्वत की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर करता था। दलाल गुप्ता के खाते में राशि पहुंचने के बाद ही ट्रेजरी से बिल पास हो पाते थे। पार्षद के बयानों में यह बात सामने आने पर पुलिस ने नीरज गुप्ता को भोपाल से गिरफ्तार करते हुए उसके बैंक खातों की डिटेल निकलवाई है। इसके साथ ही पुलिस ने कोर्ट से नीरज के लिए पीआर ली है जिसके तहत उससे और भी पूछताछ जारी है। इस पूछताछ में कोषालय सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की भी संलिप्तता भी इस गड़बड़झाले में सामने आ सकती है।

### लिपिक पर अभी भी नहीं हुई विभागीय कार्रवाई

आरएमओ कार्यालय के जिस लिपिक संजीव शर्मा का नाम करोड़ों के इस गबन मामले में सामने आया है उन पर एफआईआर दर्ज और जेल जाने के बाद भी अभी तक कोई विभागीय कार्यवाही देखने नहीं मिली है। विभाग के जिम्मेदार अपने कर्मचारी को बचाने के प्रयास में लगे हुए नजर आ रहे हैं।

## गुरुपूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मना



**माचलपुर।** हिंदू धर्म में गुरु पूर्णिमा को महत्वपूर्ण त्योहार और पर्व माना जाता है। यह पर्व सिर्फ हिंदू में ही नही बल्कि बौद्ध और जैन धर्म के लिए भी खास माना जाता है, हिंदू पंचाग के अनुसार शुक्ल पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा मानते हैं। इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म भी हुआ था इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। नगर सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में गुरुपूर्णिमा। उत्सव धूमधाम से मनाया गया सुबह सवेरे से ही श्रद्धालु ने अपने इष्ट देव वा गुरुपूजन के पैर पूजन करने के लिए देव स्थान के निकल गए। नगर के देवरा बल्डी, बाघा बल्डी, गुप्तेश्वर महादेव इमली वाले बालाजी मंदिर पर भी गुरु पूजन कर पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस अवसर अनेक मंदिर और गुरू स्थान पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिनमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की।

## पचोर के देहरा जोड़ पर बने ओवर ब्रिज पर हुआ हादसा

# ड्राइवर को झपकी लगने से डिवाइडर से टकराई बोलेरो, 2 मृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

एनएच-3 पर पचोर के समीप शनिवार तड़के देहरी जोड़ पर बने ओवर ब्रिज के पास के डिवाइडर से बोलेरो वाहन टकरा गया। हादसे में 1 व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई वहीं दूसरे ने राजगढ़ जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में घायल अन्य लोगों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है वहीं 2 घायलों को भोपाल रेफर किया गया है।

बताया जा रहा है कि बोलेरो वाहन का चालक रात भर से ड्राइविंग कर रहा था और अचानक झपकी लगने से यह हादसा हुआ है। पचोर टीआई शंकुतला बामनिया ने बताया कि गुना जिले के बमोरी क्षेत्र के मैदा और माना गांव निवासी 7 लोग बड़वानी जिले में एक पारिवारिक गमी कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे। इस दौरान ओवर ब्रिज के पास के डिवाइडर से बोलेरो वाहन टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में बोलेरो चालक मुकेश पिता गुणाजी उम्र 35 की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को पचोर अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में देवसिंह बारेला उम्र 40 की भी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई।




### पांच घायलों का चल रहा इलाज

हादसे में घायल अन्य लोगों में उत्तम सिंह, नैनाबाई, नारूबाई, विजय सिंह, जारूबाई का ईलाज जिला अस्पताल में जारी है। खबर लिखे जाने तक दो गंभीर घायलों को भोपाल रेफर किए जाने की कार्यवाही की जा रही थी। उक्त हादसे की सूचना पचोर पुलिस द्वारा गुना निवासी परिजनों को दे दी गई जिसके बाद वे जिला चिकित्सालय एवं पचोर पहुंच गए।

## नाली की समस्या का स्थाई हल नहीं



**जीरापुर।** माचलपुर-सुसनेर नाका पर रायल स्कूल आरा मशीन के सामने तेज बारिश के कारण नाली का निकासी मार्ग नहीं होने पर दुकानों में पानी धुस गया। जानकारी के मुताबिक रायल स्कूल के सामने नगर परिषद की नाली बनी हुई है लेकिन उस नाली को आगे बंद होने से जैसे ही बारिश होती है पानी दुकानों में भर जाता है इससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। शुक्रवार सायंकाल को अकस्मात हुई बारिश से यही स्थिति निर्मित हुई इस समस्या से परेशान दुकान मालिक एवं अन्य दुकानदार विधायक हजारीलाल दांगी के पास पहुंचे जहां पर नगर परिषद की लापरवाही एवं अनियमित व्यवस्था की शिकायत दर्ज कराई तथा उक्त जानकारी से सीएमओ हरीओम शर्मा तथा उपयंत्री बृजेश उपाध्याय को सूचित किया। जिनके द्वारा तत्काल मोके पर पहुंच कर उक्त नाली में भरा कचरा मिट्टी निकलवाईं। लेकिन नाली की सफाई उपरांत आगे निकासी नहीं होने से समस्या बनी हुई है। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष इंदिरा मुंदड़ा ने बताया कि नगर परिषद नाली की समस्या को गंभीरता से नहीं लेकर औपचारिकता पूरी करती है जिससे बार बार परेशानी हमें उठाना पड़ रही है और आर्थिक नुकसान भी हुआ।

## नेवज नदी के पुल के समीप एक पखवाड़े में दूसरा हादसा

# तकनीकी टीम के सुझाव पर जहां बनाए ब्रेकर वहीं पलटा ट्रक




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

एनएच-52 पर नेवज नदी के बड़े पुल के समीप एक पखवाड़े में दूसरा हादसा हुआ है। शनिवार दोपहर नसीराबाद से माल भरकर रायपुर जा रहा एक ट्रक पुल के थोड़ा आगे जाकर ब्रेकरों के समीप पलट गया। यह ट्रक जिस स्थान पर पलटा है उसी स्थान पर पीडल्यूडी, परिवहन विभाग, ट्रेफिक पुलिस और टोल कंपनी के तकनीकी इंजीनियरों के सुझाव पर स्पीड ब्रेकर बनवाए गए थे। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक आरजे-48 जीए-8715 नसीराबाद से चूना लोड कर रायपुर जा रहा था। इस दौरान शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे नेवज नदी के बड़े पुल के 100 मीटर आगे बनवाए गए ब्रेकरों के समीप ट्रक असंतुलित होकर पलटी मार गया। गनीमत से दुर्घटना में चालक लोकेश एवं धमेंद्र को मामूली चोट आई हैं।

### स्पीड ब्रेकर बनाने के नियमों पर नहीं दिया ध्यान

दुर्घटना संभावित स्थानों पर तकनीकी टीम के सुझाव अनुसार ढलान पर ब्रेकर तो बनवा दिए गए, लेकिन स्पीड ब्रेकरों के दोनों ओर सफेद लाइन से ब्रेकर के संकेतक नहीं बनवाए गए जिसके चलते वाहन चालकों को ये ब्रेकर नजर ही नहीं आ पाते हैं। इसके साथ ही रात के अंधेरे में स्पीड ब्रेकर वाहन चालकों को नजर आ जाएं इसके लिए रात्रि में चमकने वाले कैटआई (चमकीली लाइट) का सुझाव भी तकनीकी टीम ने दिया था, लेकिन वे भी ब्रेकरों के समीप नहीं लगाई गई है।

# नरसिंहगढ़ में श्री सर्वेश्वरी समूह का कार्यक्रम आयोजित

**नरसिंहगढ़।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर नरसिंहगढ़ में श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों ने छोटे महादेव पर संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें नरसिंहगढ़ के सभी सर्वेश्वरी समुह के सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में श्री सर्वेश्वरी समूह बनारस पड़ाव आश्रम के अध्यक्ष गुरुपद बाबा भगवान संभव राम जी की पूजा-अर्चना की गई और उनके विचारों पर चर्चा हुई। जिसमें शामिल होने वाले लोगों में नरसिंहगढ़ सर्वेश्वरी समूह के सदस्य सत्येंद्र सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह जी भदोरिया, डॉक्टर धांसू, ओम प्रकाश सिंह भाटी हिनोति प्राणपाल सिंह राजावत मुआलिय, मयंक प्रताप सिंह युवराज सिंह भाटी जी, अनीश बरन बसु,अभिजीत बसु, अंकित ट्रेलर, आदित्य प्रताप सिंह भदोरिया एवं अन्य लोगों ने शामिल होकर समूह की आने वाली सामाजिक गतिविधियों के बारे में चर्चा करी कार्यक्रम का आयोजन श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा भोपाल खंड नरसिंहगढ़ द्वारा किया गया था। इस अवसर पर रिषिवेली हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य लता साहू, और स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के बाद, सभी ने महाप्रभु गुरुपद भगवान संभव राम बाबा और अघोरेश्वर महाप्रभु भगवान अवधूत राम बाबा की आरती की और भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## साहित्यकार कमला प्रसाद से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध साहित्यकार 90 वर्षीय कमला प्रसाद भारतीय मानव के घर पत्रकार रमेश मालवीय और महेश त्रिवेदी ने भेंट की एवं स्वास्थ्य की जानकारी ली। भारतीय मानव ने अपनी पुस्तक अक्षरों की दीपमाला द्वितीय संस्करण उन्हें भेंट की।

# एएसआईएससी ग्वालियर जोन स्पर्धा में प्रोग्रेसिव हाइट्स ब्यावरा में प्रतिभाओं का संगम

## आईसीएससी स्कूलों के छात्रों की दमदार प्रस्तुति



**ब्यावरा।** प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल ब्यावर में एएसआईएससी के तत्वावधान में आईसीएससी जोनल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्वालियर जोन के अंतर्गत हुआ, जिसमें जोन के पबेम स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में अनेक सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां जैसे पेंटिंग रचनात्मक लेखन डिक्लेमेशन (भाव-भाषण) वाद-विवाद क्विज आदि कराई गई। इन प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने अपनी मौलिकता, आत्मविश्वास, भाषा-कौशल और तर्कशक्ति से सभी को प्रभावित किया।

कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित और अनुशासित रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बहुआयामी मंच प्रदान करना था ताकि वे सौहार्दपूर्ण प्रतिस्पर्धा के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखार सकें।कार्यक्रम के समापन पर अतिथि गण किरण उपाध्याय, आरती मंगल शादमा खान, नेहा शर्मा द्वारा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र और विजेताओं को ट्रॉफियां एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए।

## तंवरवाड़ बाहुल्य क्षेत्र के ग्रामों में चल रहे जन-जागरुकता अभियान

# बदलाव की पहल: संविधान, शिक्षा, स्वच्छता और संवैधानिक मूल्यों पर किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

टांडीकला पंचायत के सेमली गांव में संविधान, शिक्षा और व्यक्तिगत स्वच्छता विषयों पर केंद्रित एक विशेष जन-जागरुकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव की महिलाओं, किशोरियों, युवाओं और बच्चों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की उद्धेश्यिका के सामूहिक वाचन से की गई जिसके तहत स्वतंत्रता, समानता, बंधुता और गरिमा जैसे मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। पीस वॉलेंटियर खुशी भलवाला ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल जानकारी का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के उज्जवल भविष्य की नींव है। उन्होंने बताया कि संविधान ने प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य का अधिकार प्रदान किया है, और यह हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। वहीं पीस वॉलेंटियर जिया मेवाडे ने बाजतलाई में व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय पर भी चर्चा की जिसमें उन्होंने साफ-सफाई को केवल स्वास्थ्य नहीं बल्कि संवैधानिक गरिमा और आत्म-सम्मान से जोड़कर प्रस्तुत किया। महिलाओं और किशोरियों के साथ विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिनमें व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, हाथ धोने की आदत और घरेलू सफाई पर खुलकर संवाद हुआ। युवाओं ने अपनी समस्याएं साझा कीं और समाधान पर चर्चा की।




### विद्यालय न जाने वाले बच्चों को किया चिन्हित

युवाओं के साथ संवाद के दौरान उन्हें संविधान में वर्णित नागरिक कर्तव्यों, विशेषकर पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा की जिम्मेदारी की याद दिलाई गई। इस क्रम में युवाओं ने गांव में सफाई अभियान, दीवार लेखन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन-जागरुकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। वहीं बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर स्वच्छ और सुंदर समाज की अपनी कल्पना को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान ऐसे बच्चों की पहचान की गई जो नियमित रूप से विद्यालय नहीं जा रहे हैं या जिनकी पढ़ाई बीच में छूट गई है। ऐसे बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया।

**खबर संक्षेप**

## शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश

**सीहोर।** विधायक गोपालसिंह इंजीनियर लगातार आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड स्तरीय विभिन्न विभागों की समीक्षा के माध्यम से शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन, चल रहे निर्माण कार्यों, विकास के प्रस्तावो व अन्य विभागीय विषयो को लेकर समीक्षा कर निगाह रखे रहते है । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर समय-समय पर विभाग बार समीक्षा करते हैं । इसी कड़ी में आज आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनपद पंचायत के सभा कक्ष में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की । बैठक में एसडीएम नितिन टाले,सीईओ अमित व्यास सहित शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी उपस्तिथ रहे । समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली । केंद्र एवं राज्य शासन की शिक्षा से सम्बंधित शिक्षा विभाग की योजनाओं,कार्यक्रमो, कार्यों एवं शासकीय विद्यालयों में शिक्षाको की उपस्थिति,शिक्षकों की कमियां, शासकीय विद्यालय के भवनो की स्थिति,आष्टा विधानसभा क्षेत्र में शुरू होने वाले जावर सांदीपनी विद्यालय एवं शिक्षा विभाग द्वारा चलाए गए नए शिक्षा सत्र में स्कूल चले अभियान नव प्रवेशी विद्यार्थियों की संख्या तथा अन्य विषयों को लेकर गंभीरता से समीक्षा कर जानकारी अली तथा सख्त लेने में शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीआरसी एवं संकुल प्रभारी को निर्देश दिए की शिक्षा विभाग जो एक महत्वपूर्ण विभाग है इस विभाग को लेकर मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की कई योजनाएं विद्यार्थियों के लिए संचालित होती है उसको लेकर वह गंभीरता से कार्य करें तथा अगर किसी विद्यालय के अंदर या किसी प्रकार की कोई शिक्षा संबंधी समस्याएं हैं तो उसे अवगत कराये ताकि शासन स्तर पर उनका हल करवाने का प्रयास किया जाए।

## प्रांतीय उपभोक्ता संरक्षण समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक

**सीहोर।** प्रांतीय उपभोक्ता संरक्षण समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक गुजरात के अहमदाबाद नगर में भव्य रूप से संपन्न हुई। इस बैठक में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अहमदाबाद महापौर, गुजरात सहित देश के विभिन्न राज्यों से पधारे वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।इस विशेष बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, कार्यप्रणाली में सुधार तथा देशभर में संगठन के प्रभावी विस्तार को लेकर रणनीतिक विमर्श करना था। बैठक के दौरान संगठन के विभिन्न प्रदेशों में कार्यरत इकाइयों की गतिविधियों की समीक्षा की गई और उन्हें और अधिक सक्रिय व प्रभावशाली बनाने के उपायों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने संगठन की उपलब्धियों, चुनौतियों तथा आगामी योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

### करणी सेना के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर की गिरफ्तारी से नाजर हुए कार्यकर्ता

# देवास-हरदा में करणी सेना पर लाठीचार्ज के विरोध में जावर में हाईवे पर चक्काजाम

हाइवे जाम की सूचना मिलते ही तत्काल अधिकारी मौके पर पहुंचे। आपसी सहमति से जाम को खुलवाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर/सीहोर



हरदा और देवास में करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज और गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को जावर में इंदौर-भोपाल मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रविवार को हरदा में करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर को हरदा से पुलिस ने किया गिरफ्तार किया था। इस से नाराज होकर इंदौर भोपाल हाईवे पर करणी सेनिको ने जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। जाम की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन मौके पर पहुंचा, और करनी सेना के पदाधिकारियों से चर्चा की। करणी सेना पदाधिकारियों का कहना है की जल्द से जल्द जीवन सिंह शेरपुर को रिहा किया जाए नहीं तो पुरे मध्य प्रदेश में करणी सेना चक्का जाम, धरना प्रदर्शन करेगी।

### हरदा में लाठी चार्ज, वाटर कैनन के साथ छोड़े आंसू गैस के गोले

हरदा में चक्काजाम कर रहे करणी सेना परिवार के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने दो दिन में तीन बार लाठीचार्ज किया। रविवार सुबह भी पुलिस ने उन्हें समझाइश दी, नहीं मानने पर आंसू गैस के गोले छोड़े। लाठीचार्ज कर खदेड़ा। वाटर कैनन चलाकर भी प्रदर्शनकारियों को कंट्रोल किया। प्रदर्शन में शामिल करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर समेत 50 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जिला जेल में भेजा लिया है। तनाव के चलते यहां हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, सीहोर, देवास और खंडवा जिले का पुलिस फोर्स तैनात किया गया।

### यहां से शुरू हुआ हंगामा

करणी सेना परिवार के पदाधिकारी आशीष राजपूत से हीरा खरीदने के नाम पर 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई थी। आशीष ने विकास लोधी, मोहित वर्मा और उमेश तपानिया पर केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मोहित को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस मोहित को लेकर कोर्ट में चालान पेश करने जा रही थी। इसी दौरान करीब 40 कार्यकर्ता इकट्ठा हो गए और आरोपी को उनके हवाले करने की मांग कर नारेबाजी करने लगे। हंगामा बढ़ा तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुनील राजपूत, आशीष राजपूत समेत 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। इसी गिरफ्तारी के खिलाफ कार्यकर्ता रविवार को प्रदर्शन करने जुटे।

### देवास में हाईवे जाम किया, पुलिस ने बल प्रयोग कर करणी सेना को खदेड़ा

देवास में करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने इंदौर-भोपाल बायपास चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कार्यकर्ताओं के समझाइश के बाद भी नहीं मानने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें हटाया। सूचना मिलते ही बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी और यातायात थाना प्रभारी पवन



बागड़ी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने नाराज कार्यकर्ताओं से बातचीत की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। एडीएम बिहारी सिंह भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की, लेकिन कार्यकर्ता भोपाल बायपास पर डटे रहे। जब कार्यकर्ता लगातार समझाइश के बाद भी नहीं माने, तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ा। पुलिस की कार्रवाई के बाद कार्यकर्ता मौके से भाग गए। इसके बाद पुलिस ने रुका हुआ यातायात फिर से शुरू करवाया।

# जल्द मिलेगी किसानों को फसल बीमा की राशि

### विधायक ने खेतों में जाकर देखे हालात



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जनसुनवाई में कई किसानों द्वारा सोयाबीन की फसल खराब होने की शिकायतों के बाद विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान ग्राम श्यामपुरा टप्पा,लसुलड़िया विजयसिंह सहित अन्य ग्रामो में पहुच कर ग्राम चौपाल लगा कर क्षेत्र के अन्नदाता किसान भाईयों के साथ संवाद किया ।

संवाद के दौरान किसानों ने बताया की उन्होंने जो सोयाबीन खरीदा था काफी कम उगा,कई किसानों ने बताया की सोयाबीन बढ़ नही रह है,कई किसानों ने यह भी बताया की उनके द्वारा बीज उपचार की जिस दवा का उपयोग किया उसके कारण फसल खराब हुई है । कई किसानों ने सोयाबीन का अंकुरण नही होने की शिकायत की। विधायक ने संवाद कर किसानों की समस्याएं सुनने के बाद किसानों के साथ उनके खेतो में पहुचे,सोयाबीन की प्रभावित हुई फसल को देखा। फसलों के निरीक्षण के बाद विधायक ने चौपाल पर किसानों से संवाद करते हुए बताया की मुझे लगातार शिकायत मिल रही थी की पूर्व में जो फसल खराब हुई थी, जिसका सर्वे भी हो चुका लेकिन फसल बीमे की राशि नही मिली है, वो कब मिलेगी। विधायक ने कहा की मुख्यमंत्री किसानों की समस्याओं को लेकर गम्भीर है, उनके प्रयास जल्द नजर आने वाले है। जल्द ही वर्ष 2023, 24, 25 की बीमा राशि किसानों को मिलेगी। स्थानीय किसानों ने मुझे भी शिकायत की थी कि बीमे की राशि कब आयेगी। शिकायतों के बाद जब उच्चस्तर पर सम्बंधित अधिकारियों, कृषि विभाग, राजस्व विभाग तक चर्चा की। सब किसान भाईयों के लिये ये खुशखबरी है की वर्ष 2023, 24, 25 की बीमे की राशि जल्द ही बीमा कम्पनी द्वारा किसानों के खाते में डाली जायेगी। वही किसानों की शिकायत पर खेतो में जो सोयाबीन की फसल देखी उससे लगता है, फसलों पर विपरीत असर पड़ा है।

मौके से ही विधायक ने एसडीएम नितिन टाले को फसलों की स्तिथि से अवगत कराते हुए टीम गठित कर सर्वे कराने के निर्देश दिये हैं। ग्रामीण क्षेत्र के दौरे के दौरान विधायक ने ग्राम श्यामपुर टप्पा, लसुलड़िया विजयसिंह में किसानों से उनकी खराब हुई फसल को लेकर ग्राम में ही चौपाल लगा कर संवाद किया। किसानों के साथ खेत में पहुंचकर खराब हुई फसलो का निरीक्षण किया ओर उनकी समस्याए भी सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# कंपनी के जिम्मेदारों को नहीं जानकारी, चोरी की बिजली से किया जा रहा मांगलिक भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर



श्यामपुर तहसील के ग्राम अहदमपुर में ठेकेदार विद्युत विभाग को चुनौती दे रहा है और मनमाने तरीके से नियम विरुद्ध तरीके से भवन निर्माण में बिजली प्रयोग की जा रही है। परन्तु जिम्मेदार विभाग आखिरकार मौन अवस्था धरण करे हुए क्यों बैठा है यह सवाल उठना लाज़मि है। ग्राम अहदमपुर में आरआई विभाग के अंतर्गत ग्राम में मंगलीक भवन का निर्माण कार्य जारी है। जिसको सम्बंधित ठेकेदार द्वारा यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन ठेकेदार मनमाने तरीके से अवैध रूप से विद्युत विभाग से अनुमान लिए बिना ही खम्भे से सीधे वायर डालकर चोरी की बिजली का उपयोग किया जा रहा है। जिससे कही ना कही विद्युत विभाग को हानि हो रही है। बावजूद इसके विद्युग विभाग इस ठेकेदार पर मेहरबान बना हुआ है। इससे यह प्रतीत होता है कि विद्युत विभाग के ही अधिकारी की मिली भगत से ठेकेदार सीधे खम्भे से विद्युत का प्रयोग कर रहा है। क्योंकि शासकीय भवन निर्माण के लिए ना ठेकेदार ने कोई आस्थाई विद्युत कनेक्शन लिया सीधे खम्बे से बिजली चोरी की जा रही है। परन्तु विद्युत विभाग इतना लापरवाह हो गया है कि उन्हें अपने जिम्मेदार अधिकारियों का भी कोई डर नहीं है। अगर कोई उपभोक्ता इस प्रकार का कार्य कर लेता तो विद्युत विभाग कार्रवाई पर उतारू हो जाता है। परंतु ठेकेदार द्वारा इस प्रकार का कार्य किया जाना यह भी तो अवैधानिक है। फिलहाल अब देखना यह होंगा की क्या जिम्मेदार अधिकारी ठेकेदार पर कोई कार्रवाई करते है या फिर मुरखदर्शक बने रहेंगे। मामले को लेकर अहमदपुर में बिजली विभाग के जेई शिवराम सिंह ने बताया है कि मेरे पास ऐसा किसी भी प्रकार का कोई



कनेक्शन अभी तक नहीं लिया गया है। आपके द्वारा बताया गया है तो में संबंधित लाइनमैन से इस मामले की जानकारी लेता हूं।

## खाचरोद प्रखंड में विहिप का हुआ अभ्यास वर्ग




**खाचरोद।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिद्धपुर जिला सीहोर के तत्वाधान में प्रखंड खाचरोद में प्रखंड अभ्यास वर्ग रखा गया वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठ नात्मक प्रशिक्षण विभाग संगठन मंत्री भानु सिंह राजपूत द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं आगामी कार्यक्रम को लेकर जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा ने प्रखंड के कार्यकर्ताओं को बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा एवं विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस कार्यक्रम की योजना इकाई स्तर पर कार्यक्रम करने हेतु योजना बनाई गई बैठक में संपर्क अधिकारी बनाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजगढ़ विभाग के संगठन मंत्री भानु सिहं राजपूत जिला उपाध्यक्ष रेवा शंकर जाट, जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा, मार्गदर्शन मंडल प्रमुख पंडित मोहित राम पाठक, प्रखंड अध्यक्ष बलराम जाट, प्रखंड संयोजक अकेसिहं ठाकुर, पूर्व सरपंच भील खेड़ी प्रखंड सह मंत्री रामनिवास जाट, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, सह मंत्री रामनिवास, वीरेंद्र जैन, पूर्व सरपंच रोलागाव राम सिह, बने सिंह व प्रखंड कार्य समिति खंड समिति इकाई अध्यक्ष मंत्री संयोजक एवं खाचरोद प्रखंड के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में प्रशिक्षण अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ।

# गोशाला समिति ने शोकाकुल सुराणा परिवार को सौंपा संवेदना पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



समाज सेवा के साथ ही बेसहारा और बीमार गोवंश की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले स्थानीय मां पार्वती गोशाला के कोषाध्यक्ष संजय सुराणा को पितृ शोक होने पर गोशाला सदस्यों ने उन्हें संवेदना पत्रक सौंप कर दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की । पार्वती धाम गोशाला के अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह ने पत्रक का वाचन किया ।संवेदना पत्रक में संजय सुराणा के पिता स्वर्गीय ताराचंद सुराणा द्वारा समाजसेवा के लिए प्रोत्साहन, मधुर व्यवहार और उनके जीवन संघर्ष का उल्लेख करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गौशाला समिति उपाध्यक्ष किरण दीदी, सचिव सुनील कचनेरिया एडवोकेट, सहसचिव अनील धनगर, विशेष सहयोगी मुकेश आर्य, रवि कामरिया, नरेंद्र पोरवाल, रवि कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा, संजय जैन किला,विपिन सिंघी, प्रकाश कुशवाहा मामा, नितीन सिंघी आदि ने उनके शास्त्री कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया।

## पुण्य प्राप्ति का पुरुषार्थ करें, बच्चों को संस्कार के साथ प्रोत्साहित भी करें: मुनिश्री सानंद सागर

**आष्टा।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज पाठशाला के बच्चों ने आदिनाथ भगवान सहित आचार्य विद्यासागर जी एवं नवाचार्य समय सागर जी के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्जवलित कर मुनिश्री को शास्त्र भेंट कर आचार्यश्री की पूजा -अर्चना भक्ति भाव से की।इस अवसर पर आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के शिष्य मुनिश्री सानंद सागर ने आशीष वचन देते हुए कहा कि यह बच्चे संस्कारवान हो रहें हैं। कोई बच्चा ढोलक बजा रहा था।आप सभी श्रद्धा, भक्ति और भाव निर्मल रखें। मां - बेटे की प्रेरणा दायक कहानी सुनाई।एक मां ने अपने बेटे से कहा था कि मुसीबत में श्रद्धा और भक्ति के साथ अरिहंत भैय्या काम आते हैं। उन्हें याद करते ही वह आ जाते हैं। मां की बातों पर बच्चों को भरोसा करना चाहिए।श्रद्धा में अपार भक्ति थी, तो जंगल में देव बाल रूप धारण कर बच्चे को स्कूल और बाद में घर तक छोड़ने गए। मुनिश्री ने कहा णमोकार महामंत्र का जाप करते रहना चाहिए। बच्चों को संस्कार देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित भी करें। बड़े भाई -भाभी भी माता -पिता तुल्य है। अगर देवरानी -जेठानी मिलजुल कर रहे तो घर नर्क नहीं मंदिर बन जाएगा। एक -दूसरे के कर्तव्यों का पालन करें, अपने आप से प्रारंभ करें।

### पांच दिवसीय कथा के तीसरे दिवस में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का वर्णन

# शिव, पार्वती के दिव्य मिलन को कथा की शैली में किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर आष्टा में शिवभक्ति का अद्भुत आयोजन माखनलाल, दिनेश कुमार एवं धर्मेन्द्र सोनी परिवार द्वारा किया जा रहा है। निज निवास, ओमशांति मार्ग, ब्लैक भवन रोड पर चल रहे पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण, पूजन, महाअभिषेक एवं श्री शिव कथा के इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का सफल संचालन पं. अशोककुमार शर्मा आचार्य के सानिध्य में हो रहा है। आयोजन के तीसरे दिवस में श्रद्धालुजनों को शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का सुंदर, भावविभोर कर देने वाला श्रवण कराया गया, जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन की पौराणिक कथा को रोचक शैली में प्रस्तुत किया गया।

कथा में पंडित अशोक शर्मा आचार्य ने बताया कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह सनातन धर्म की सबसे पवित्र और रोचक कथाओं में से एक है। यह कथा शिव पुराण, स्कंद पुराण व रामचरितमानस आदि ग्रंथों में वर्णित है। दक्ष प्रजापति द्वारा भगवान शिव का अपमान हुआ, जिससे दुखी होकर सती ने यज्ञ कुण्ड में आत्मदाह कर लिया,सती के वियोग में शिवजी ने सारा संसार छोड़कर तपस्या में लीन होने का संकल्प लिया। हिमालय प्रदेश के राज परिवार सती ने पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया। पार्वती बचपन से ही भगवान शिव को अपने पति के रूप में स्वीकार कर चुकी थीं। भगवान शिव को पुनः पाने के लिए पार्वती जी ने हिमालय की गुफाओं में कठोर तप किया। कई वर्षों तक निर्जल, निराहार तपस्या करने के बाद उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर शिव प्रकट हुए। पार्वती के तप से चिंतित देवताओं ने शिवजी का ध्यान भंग करने के लिए कामदेव को भेजा। शिवजी की तीसरी आंख से कामदेव जलकर भस्म हो गए। यह घटना बताती है कि ईश्वर को पाने के लिए केवल भक्ति और तप ही मार्ग है। शिवजी ने पार्वती की भक्ति की परीक्षा ली और अंततः विवाह हेतु सहमत हुए। नारद मुनि के माध्यम से यह शुभ समाचार हिमालय राज परिवार को प्राप्त हुआ। पर्वतराज हिमालय ने भव्य विवाह समारोह की योजना बनाई। भगवान शिव की बारात में भूत, प्रेत, गण, योगी, नाग, और विविध विचित्र रूप वाले गण शामिल हुए। माता पार्वती की सखियाँ शिव बारात को देखकर डर गईं, पर पार्वती ने कहा – ₹मेरे लिए यही सर्वश्रेष्ठ हैं। ब्रह्मा जी ने विधिवत विवाह के मंत्रों से विवाह सम्पन्न करवाया। देवताओं, ऋषियों, गंधर्वों ने विवाह में उत्सव मनाया। यह विवाह तप, प्रेम और समर्पण का प्रतीक बन गया। यह कथा दर्शाती है कि सच्ची भक्ति और निष्ठा से ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। शिव-पार्वती का विवाह संसारिक विवाह का आध्यात्मिक स्वरूप भी है, जिसमें तपस्या, आत्मा का मिलन और पूर्ण समर्पण होता है। आज की कथा में संसद भवन के मुख्य द्वार पर प्रधानमंत्री द्वारा नंदी की स्थापना के महत्व के बारे में भी बताते हुए आचार्य पं अशोक शर्मा ने कहा नंदी धर्म का अवतार है जहां धर्म विराजमान हो जाता है वहां धर्म नहीं हो सकता और इसके ऊपर स्वयं शिव विराजमान है वह कदा भी अन्याय नहीं हो सकता एवं नंदी जहां विराजमान हो जाते हैं वहां धन-धान्य व धर्म सदा विराजमान रहता है।

यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक वातावरण से परिपूर्ण है, जिसमें नगरवासी बड़ी संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। आयोजक परिवार द्वारा नगर के श्रद्धालुजन एवं भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है। आज शिव पार्वती विवाह को अभिजीत संग पायल ने सजीव चित्रण कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मोहित भाग्यश्री सोनी, राज रुपाली सोनी, अभिजीत पायल सोनी, नंदिनी सोनी, श्रुति सोनी, रुद्र सोनी, मिराँश सोनी, दिशा सोनी सहित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सुराणा, होटल व्यापारी संघ मेन अध्यक्ष सौरभ शीतल, विधायक प्रतिनिधि उत्थान धरवा, मंजू सोनी, सोनू गुणवान, मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, रवि शर्मा, रूपेश राठौर सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद थे।

# बारिश शुरू होते ही सब्जियों के दामों पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बारिश शुरू होते ही सब्जियों के भाव में भारी वृद्धि हुई है इसका सीधा-सीधा सा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है सामान्यता जो सब्जियां 30 से 40 किलो मिलती है वह सब्जियां 80 से 120 रुपए किलो तक पहुंच गई है। बता दे की बारिश की शुरुआत में ही आष्टा की पुरानी और नई सब्जी मंडी में सब्जियों के भाव आसमान पर पहुंच गए हैं सब्जियों के भाव बढ़ने से आम नागरिकों पर सीधा-सीधा असर पड़ रहा है।

आष्टा, जावर ,सिद्धि गंज , क्षेत्र की सब्जी मंडीयो में भी सब्जियों के भाव में तेजी देखी गई है। बारिश में सब्जियों के दाम बढ़ते हैं सब्जी मंडी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि बाहर से आने वाली सब्जियां कम आ रही है परिवहन भी महंगा हो गया है ऐसे में सब्जियां कम आने से रेट बढ़ गया है एक-दो महीने बाद सब्जियों के भाव कम होने की उम्मीद है। खेरची विक्रेता ओम प्रकाश कुशवाहा ने बताया कि बारिश शुरू होते ही सब्जी मंडी में सब्जियों के भाव बढ़ गए हैं आगे से ही सब्जियां महंगी आ रही है इसलिए हमें मजबूरी में भाव बढ़ाकर बेचना पड़ता है।

सब्जी मंडी में यहां है सब्जियों का भावप्याज का भाव प्याज 20, आलू 20, कद्दू 40, गोभी 80, गिलकी, ककड़ी 40, मिर्ची 60, सुरैया 120 और कटर 80, करेले 80, मेथी सो रुपए, सुरजना फली 150 रुपए, भिंडी 80, शिमला मिर्च सो रुपए, गवारफली सो रुपए किलो, लौकी 40, टिंडे सो रुपए किलो, धनिया डेढ़ सौ रुपए किलो ,केरी 70 किलो, टमाटर 50 किलो।